# राष्ट्रीय सेवा योजना

# श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय, गोण्डा

## सत्र 2023–24

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज
सत्यमेव जयते
गोण्डा

राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME

## विशेष शिविर कार्यक्रम की रिपोर्ट




श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोण्डा जिले के मुख्यालय में स्थित हैं, जिसे स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की स्मृति में स्थापित किया गया था। गोंडा के तत्कालीन जिलाधिकारी श्री राजेन्द्र नाथ ने कालेज की स्थापना की। कॉलेज केवल स्नातक स्तर के कला संकाय के साथ शुरू किया गया था। अब कॉलेज मे पी.जी. पाठ्यक्रम भी है। कॉलेज अपने विशाल तीन परिसरों मे फैला हुआ है। वर्तमान मे कला एवं मानविकी ,विज्ञान,वाणिज्य , प्रबंधन शिक्षा,बी.एड और कृषि संकाय कॉलेज मे चल रहे है । समस्त संकायों की डिग्री प्रदान करने के लिए यह कॉलेज डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ,अयोध्या से संबध्द है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई

## श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय ,गोण्डा



**प्रो. रवीन्द्र कुमार**

प्राचार्य/संरक्षक



**श्री पवन कुमार सिंह**

वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी



**डॉ. चमन कौर**

कार्यक्रमाधिकारी



**डॉ. परवेज आलम**

कार्यक्रमाधिकारी



**डॉ. दिलीप शुक्ला**

कार्यक्रमाधिकारी



# श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा
## राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई का सप्त दिवसीय विशेष शिविर
### दिनांक– 18.03.2024 से 24.03.2024 तक
### स्थान– उच्च प्राथमिक विद्यालय छावनी सरकार, गोण्डा

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की चार इकाईयों का सप्त दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 18.03.2024 से 24.03.2024 तक उच्च प्राथमिक विद्यालय छावनी सरकार, गोण्डा में आयोजित किया गया। महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चार इकाईयां संचालित है। प्रत्येक इकाई में 100 स्वयंसेवक/स्वयं सेविकाएं है।

शिविर के प्रथम दिवस दिनांक 18.03.2024 को प्रत्येक इकाई के कार्यक्रमाधिकारी अपनी–अपनी इकाई के सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को लेकर विशेष शिविर के लिए निर्धारित स्थान, उच्च प्राथमिक विद्यालय छावनी सरकार, गोण्डा पहुंचे। शिविर स्थल पर पहुँच कर सभी स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल एवं उसके आसपास की साफ सफाई किया। शिविर लगाने के बाद में सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से प्रार्थना की। शिविर के प्रथम दिन उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि श्री उमेश शाह, सचिव, प्रबन्ध–समिति, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा एवं विशिष्ट अतिथि सुश्री वर्षा सिंह, उपाध्यक्ष, प्रबन्ध–समिति, श्री लाल बहुदर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप–प्रज्ज्वलन कर सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन किया। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी श्री पवन कुमार सिंह, कार्यक्रमाधिकारी डॉ चमन कौर, डॉ परवेज आलम, डॉ0 दिलीप शुक्ला ने बुके एवं मोमेंटो भेंटकर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया तथा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को अंग वस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। स्वयंसेविका लकी तिवारी, शुभी मिश्रा, गार्गी मिश्रा, आंचल भारती ने सरस्वती वंदना 'वीणा वादिनि वर दे' प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। साक्षी सिंह, लकी तिवारी, गार्गी मिश्रा ने उद्घाटन में उपस्थित सभी अतिथियों के स्वागत सत्कार में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। स्वयंसेविका गार्गी मिश्रा, लकी तिवारी, ऑचल भारती, स्वयंसेवक अभिजीत यश भारती, यशवन्त ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, प्राचार्य महोदय, प्रो0 श्याम बहादुर सिंह, कार्यक्रमाधिकारीगण का माल्यार्पण कर एवं बैज लगाकर स्वागत किया। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी श्री पवन कुमार सिंह ने सप्त दिवसीय विशेष शिविर की कार्य योजना प्रस्तुत कर सात दिन तक चलने वाले विशेष शिविर में प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी सभी स्वयंसेवकों को दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री उमेश शाह जी ने अपने उद्बोधन में स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का सभ्य समाज के निर्माण में

महत्वपूर्ण स्थान है। सभी छात्रों में मानव मूल्यों का विकास करना मानवता के लिए आवश्यक है। सभी छात्रों को भविष्य में समाज का जिम्मेदार नागरिक बनना हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना जुडकर हम अपने व्यक्तित्व का विकास कर, राष्ट्र की सेवा कर सकते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वर्षा सिंह जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों से छात्रों के व्यक्तित्व का निर्माण होता है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 रवीन्द्र कुमार पाण्डेय जी ने उद्घाटन सत्र में आये हुए सभी अतिथियों का आभार ज्ञापन किया। तत्पश्चात मध्यावकाश में सभी अतिथियों एवं चारों इकाईयों के स्वयं सेवकों को सूक्ष्म जलपान कराया गया। बौद्धिक सत्र के ठीक पहले चारों इकाइयों के स्वयं सेवकों के भोजन की व्यवस्था हुई। भोजन से पहले सभी स्वयंसेवकों ने भोजन मंत्र पढ़ा। तत्पश्चात प्रातःकालीन सभा का विसर्जन हुआ।

राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के प्रथम दिन के वौद्धिक सत्र का प्रारम्भ 2 बजे अपराह्न हुआ। बौद्धिक सत्र में श्री उमेश शाह, सचिव, प्रबन्ध–समिति ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्रों को संबोधित किया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए समाज सेवा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि महोदय ने स्वयं सेवकों को जागरूक करते हुए कहा कि हमें सोशल मीडिया का प्रयोग अत्यन्त सावधानी के साथ करना है। मुख्य अतिथि महोदय ने कहा कि हमें महापुरुषों के जीवन से सीख लेना है, जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना है और जीवन में हमेशा सद्मार्ग का अनुगमन करना है, विपरीत परिस्थितियों में भी हमें राष्ट्र सेवा के मार्ग पर अडिग रहना है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में हमें राष्ट्र सेवा के भाव को सर्वोपरि रखना है।

स्वयंसेवकों ने मुख्य अतिथि से अपनी–अपनी जिज्ञासा के अनुरूप प्रश्न पूछा, जिसका मुख्य अतिथि श्री उमेश शाह जी के द्वारा सम्यक समाधान किया गया। बौद्धिक सत्र के समापन पर वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी, श्री पवन कुमार सिंह ने उद्घाटन कार्यक्रम में आये हुए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथि का आभार ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के साथ बौद्धिक सत्र का समापन हुआ। तत्पश्चात सभी स्वयं सेवकों ने चाय नाश्ता किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल समन्वयक प्रो0 जितेन्द्र सिंह ने विशेष शिविर का निरीक्षण किया एवं शिविर की व्यवस्था की सराहना की। रात्रि 8 बजे स्वयंसेवकों ने भोजन किया । भोजन के उपरान्त सभी स्वयंसेवकों की उपस्थिति ली गयी। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने शिविर में रात्रि विश्राम किया।


गोण्डा
राष्ट्रीय
दिनांक - 18 मार्च
उद्घाटन
शिविर स्थल

दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते मुख्य अतिथि श्री उमेश शाह, सचिव, प्रबन्ध–समिति श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा।



मुख्य अतिथि का बैज लगाकर स्वागत करती स्वयंसेविकाएं




मुख्य अतिथि को मोमेंटो भेंट कर स्वागत करते कार्यक्रमाधिकारीगण




उद्घाटन सत्र में स्वयंसेवकों को संबोधित करते मुख्य अतिथि श्री उमेश शाह, सचिव, प्रबन्ध–समिति श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा।




उद्घाटन कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथिगण एवं स्वयंसेवक




शिविर स्थल का निरीक्षण करते नोडल समन्वयक प्रो0 जितेन्द्र सिंह

# सप्त दिवसीय विशेष शिविर
## द्वितीय दिवस– 19.03.2024

राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन प्रातः 5 बजे सभी स्वयं सेवक सोकर उठे। नित्य क्रिया से निवृत्त होने के पश्चात सभी इकाईयों के स्वयं सेवक शिविर के सभा स्थल पर प्रातः 06 बजे उपस्थित हुए। सभा स्थल पर सभी स्वयं सेवकों ने 'वह शक्ति हमें दो दया निधि' प्रार्थना की।

तत्पश्चात स्वयंसेवक अभिजीतयश भारती एवं शेष नारायण यादव ने आज का अमृत विचार सभी स्वयं सेवकों के समक्ष प्रस्तुत किया। सभी स्वयंसेवकों ने समाचार पत्र का वाचन किया। तत्पश्चात कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 चमन कौर ने सभी स्वयंसेवकों को जीवन में योग के महत्व से परिचित कराया। स्वयंसेविका आंचल भारती एवं गार्गी मिश्रा ने सभी स्वयंसेवकों को योगासन सिखाया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने नाश्ता किया। नाश्ता के उपरान्त सभी स्वयंसेवकों ने शिविर और उसके आसपास की साफ सफाई की। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी श्री पवन कुमार सिंह ने सभी स्वयंसेवकों के समक्ष दिन भर की गतिविधियों की रूप रेखा प्रस्तुत की। तत्पश्चात् चारों इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा शिविर स्थल से शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिडी समाधि स्थल तक स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गयी। सभी स्वयंसेवकों ने शहर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने के लिए नारे लगाये। शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिडी समाधि स्थल पहुँचकर सभी छात्रों ने समाधि स्थल परिसर की साफ–सफाई की। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 का समय होने के कारण स्वयंसेवकों ने लोगों को मतदाता जागरुकता सम्बन्धी पर्चे बॉटे।

तत्पश्चात सभी इकाई के स्वयंसेवकों ने अपनी–अपनी इकाई के द्वारा गोद लिए गये गाँवों में स्वच्छता जागरूकता से संबंधित रैली निकाली। प्रथम इकाई के द्वारा अपने द्वारा गोद लिए हुए गाँव **बंगरहवा** में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गयी। सभी स्वयंसेवकों ने डोर टू डोर सर्वेकर स्वच्छता एवं पेयजल की उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी हासिल की और सभी ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। स्वयंसेवकों ने नुक्कड नाटक आयोजित कर जल जनित बीमारियों के बारे में ग्रामवासियों को परिचित कराया एवं सावधानी बरतने के लिए जागरुक किया, तत्पश्चात सभी स्वयंसेवक रैली के रूप में वापस शिविर स्थल पहुँचे। विश्राम के उपरान्त सभी स्वयंसेवकों ने भोजन किया।

आज के बौद्धिक सत्र का आयोजन शिविर स्थल पर अपराह्न 02:00 बजे किया गया। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि प्रो0 श्याम बहादुर सिंह, विभागाध्यक्ष बी0एड0 विभाग, विशिष्ट अतिथि प्रो0 शिव शरण शुक्ला, विभागाध्यक्ष शिक्षाशास्त्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों का बहुत बड़ा योगदान है। स्वयंसेवकों को स्वयं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहना है और समाज को भी जागरूक बनाये रखना है। समाज के लोगों को हमें शिक्षा एवं स्वास्थ शिक्षा के प्रति हमेशा सतर्क करना है, जिससे स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। सभी स्वयंसेवकों ने मुख्य अतिथि से शिक्षा मनोविज्ञान से संबन्धित प्रश्न पूछे। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों के सभी प्रश्नों का सम्यक समाधान किया। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी श्री पवन कुमार सिहं ने बौद्धिक सत्र में आये हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। आभार ज्ञापन के पश्चात राष्ट्रगान हुआ। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने चाय नाश्ता किया। रात्रि 8 बजे सभी स्वयं सेवकों ने भोजन किया। भोजन के उपरान्त सभी स्वयंसेवकों ने रात्रि विश्राम किया।




शिविर स्थल से शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिडी के समाधि स्थल तक स्वच्छता जागरुकता रैली।




ग्राम बंगरहवा में डोर टू डोर सर्वे करते स्वयंसेवक।




बौद्धिक सत्र में छात्रों को संबोधित करते विशिष्ट अतिथि प्रो0 शिव शरण शुक्ला




बौद्धिक सत्र में छात्रों को संबोधित करते मुख्य अतिथि प्रो0 आर0बी0एस0बघेल

# सप्त दिवसीय विशेष शिविर
# तृतीय दिवस 20.03.2024

सप्त दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस प्रातः 5 बजे सभी स्वयंसेवक सोकर उठे। नित्य क्रिया से निवृत्त होकर सभी स्वयं सेवक प्रातः 07 बजे सभा स्थल पर एकत्र हुए। सभा स्थल पर सभी स्वयंसेवकों की उपस्थिति दर्ज हुई। सभा स्थल पर सभी स्वयंसेवकों के द्वारा की गयी 'वह शक्ति हमें दो दयानिधि' प्रार्थना के साथ सभा की शुरुआत हुई। तत्पश्चात स्वयंसेवक अभजीतयश भारती ने आज का सुविचार सभा स्थल पर प्रस्तुत किया। सभी स्वयंसेवकों ने समाचार पत्रों का वाचन किया। पूर्व दिवस की गतिविधियों की खबरों की समाचार पत्रों में छपी हुई खबरों की कटिंग काटकर स्मृति रजिस्टर पर चिपकाया गया। तत्पश्चात स्वयंसेविका गार्गी मिश्रा ने सभी स्वयं सेवकों को योगासन सिखाया। योगासन के उपरान्त सभी स्वयंसेवकों ने सुबह का नाश्ता किया। नाश्ते के बाद सभी स्वयंसेवकों ने शिविर एवं उसके आसपास की साफ सफाई की। प्रातः 10 बजे सभी स्वयंसेवकों ने सभा स्थल पर उपस्थित होकर परेड सरकार में स्थित ग्राम बंगरहवा तक मतदाता जागरुकता के मुद्दे पर जनजागरुकता रैली निकाली। सभी छात्र अपने–2 हाथों में मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित नारे लिखी हुई तख्तियां लेकर रैली निकालकर ग्राम बंगरहवा पहुँचे। सभी स्वयंसेवकों ने बंगरहवा गॉव से डोर टू डोर जाकर सभी निवासियों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरुक किया। साथ ही स्वयंसेवकों के द्वारा लोकसभा चुनाव के मतदाता सूची में छूटे हुए नामों को मतदाता सूची में अंकित कराने के लिए डोर टू डोर सर्वे किया और छूटे हुए लोगों का आधार कार्ड लेकर बी0एल0ओ0 को सौपा गया। सर्वे के उपरान्त सभी स्वयंसेवकों ने चयनित ग्राम **बंगरहवा** से शिविर स्थल तक पुनः रैली निकालकर मतदाता जागरुकता से जुड़े मुद्दे पर नारे लगाते हुए शिविर स्थल पर पहुँचे। शिविर स्थल पहुँच कर सभी स्वयंसेवकों ने भोजन किया।

शिविर स्थल पर 'पर्यावरण संरक्षण एवं मानव स्वास्थ्य' के मुद्दे पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में बी०ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा गार्गी मिश्रा ने प्रथम, एम0०ए0 हिन्दी द्वितीय वर्ष की छात्रा आकांक्षा ओझा ने द्वितीय एवं बी०ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा ऑचल भारती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता के पश्चात प्रथम सत्र की सभा विसर्जित हुई।

सप्त दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस अपराह्न 02 बजे बौद्धिक सभा का आयोजन किया गया। बौद्धिक सत्र में जनपद गोण्डा के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री प्रेम चन्द्र यादव जी ने मुख्य अतिथि के रूप में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित

कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वयंसेविका गार्गी मिश्रा, लकी तिवारी एवं आँचल भारती ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सभी कार्यक्रमाधिकारियों ने मोमेन्टों एवं अंग वस्त्र भेंटकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के सत्त विकास में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। हमें शिक्षा ग्रहण करते हुए अपनी संस्कृति एवं परम्परा के आदर्शों से प्रेरणा लेकर सामजिक कार्य करना है। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए समाज के सतत विकास में शिक्षा की प्रासंगिकता, बालिका शिक्षा सम्बन्धी शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में स्वयंसेवकों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 परवेज आलम ने किया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी, श्री पवन कुमार सिंह ने आये हुए अतिथियों का आभार ज्ञापन किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ आज के बौद्धिक सत्र का समापन बाद स्वयंसेवकों ने विश्राम किया। भोजन के पश्चात स्वयंसेवकों ने 8 बजे रात्रि विश्राम किया।




स्वयंसेवकों द्वारा निकाली गयी मतदाता जागरुकता रैली।




बौद्धिक सत्र को संबोधित करते मुख्य अतिथि श्री प्रेम चन्द्र यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गोण्डा

# सप्त दिवसीय विशेष शिविर
# चतुर्थ दिवस 21.03.2024

राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिन सभी स्वयंसेवक प्रातः 6 बजे सोकर उठे। नित्य क्रिया से निवृत्त होने के पश्चात सभी स्वयंसेवक 07 बजे शिविर के प्रार्थना स्थल पर पहुँचे। 'इतनी शक्ति हमें देना दाता' की प्रार्थना से स्वयंसेवकों ने आज की सभा की शुरुआत की। तत्पश्चात स्वयं सेविका रिचा कसौंधन ने आज का अमृत विचार सभी स्वयंसेवकों को पढ़कर सुनाया। सभी स्वयंसेवकों ने समाचार पत्रों का वाचन किया। तत्पश्चात कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 दिलीप शुक्ला ने सभी स्वयंसेवकों को योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। सभी सवयंसेवकों ने शिविर स्थल और आस–पास की सफाई किया। तत्पश्चात कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 चमन कौर ने सभी स्वयंसेवकों को आज की प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी दी गयी। इसके उपरान्त सभी स्वयंसेवकों नाश्ता किया।

शिविर के प्रथम सत्र में सभी स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल से चयनित ग्राम बंगरहवा तक स्वच्छता एवं उत्तम स्वास्थ के मुददे पर जनजागरुकता रैली निकाली एवं नगरवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। स्वंयसेवकों ने डोर टू डोर सर्वे कर ग्रामीणों के स्वास्थ्य सम्बन्धी मुददों के बारे में जानकारी प्राप्त की। स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों को विशेष शिविर में प्रतिदिन लगने वाले योग शिविर में आने के लिए आमन्त्रित किया एवं उन्हें हाथ से बने हुए आमन्त्रण पत्र बॉटे। स्वयंसेवकों के द्वारा स्वास्थ्य मुददे पर नुक्कड नाटक आयोजित किया गया। जिससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य सम्बन्धी विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त हुई। प्राथमिक विद्यालय बंगरहवा जाकर सभी छात्रों एवं अध्यापकों को योग शिविर के हेतु आमन्त्रण पत्र दिया गया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवक रैली के रुप में पुनः विशेष शिविर वापस लौटे, तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने भोजन किया।

कार्यक्रम के 'बौद्धिक सत्र में सामाजिक विकास में बालिका शिक्षा का योगदान' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के प्रतिष्ठत व्यवसायी एवं एडवोकेट श्री राजेन्द्र सिंह खुराना एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती शमा सिंह, उपाध्यक्ष ग्राम प्रधान संघ गोण्डा ने माँ सरस्वती के चित्र माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्जलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी एवं अन्य कार्यक्रमाधिकारी के द्वारा मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं मोमेन्टो भेंट किया। एडवोकेट श्री राजेन्द्र सिंह खुराना ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के प्रगति में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्त्री शिक्षा को महत्व दिये बिना सामाजिक विकास की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती। हमें राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के माध्यम से बालिका शिक्षा के प्रति निरन्तर प्रयास करना होगा। समाज में बालिका

शिक्षा के प्रति लोगों को निरन्तर जागरुक करना होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्रीमती शमा सिंह, उपाध्यक्ष ग्राम प्रधान संघ गोण्डा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। श्रीमती शमा सिंह ने कहा कि महिलाओं को अपने हक की लडाई स्वयं लडनी होगी। महिलाओं ने संघर्ष करके समाज में अनेक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। हमें उन संघर्षशील महिलाओं से प्रेरणा ग्रहण करनी होगी। विशिष्ट अतिथि ने बालिका शिक्षा सम्बन्धी विभिन्न योजनाओं के बारे में स्वयंसेवकों को जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 चमन कौर ने किया। कार्यक्रम के समापन पर वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी श्री पवन कुमार सिंह ने आये हुए अतिथियों का आभार ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के उपरान्त कार्यक्रम का समापन हुआ। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने चाय नाश्ता किया। रात्रि 8 बजे सभी स्वयंसेवकों ने भोजन किया। तत्पश्चात सभी ने रात्रि विश्राम किया।



ग्रामवासियों को योग शिविर हेतु आमन्त्रण पत्र देते स्वयंसेवक।




प्राथमिक विद्यालय बंगरहवा के प्रधानाध्यापक को योग शिविर हेतु आमन्त्रण पत्र देते स्वयंसेवक।




दीप प्रज्ज्वलन कर बौद्धिक सत्र का शुभारम्भ करते मुख्य अतिथि एडवोकेट श्री राजेन्द्र सिंह खुराना जी




मुख्य अतिथि एडवोकेट श्री राजेन्द्र सिंह खुराना का बैंज लगाकर स्वागत करती स्वयंसेविकाएं




विशिष्ट अतिथि श्रीमती शमा सिंह का बैंज लगाकर स्वागत करती स्वयंसेविकाएं




बौद्धिक सत्र को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि एडवोकेट श्री राजेन्द्र सिंह खुराना।




बौद्धिक सत्र को सम्बोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि श्रीमती शमा सिंह

# सप्त दिवसीय विशेष शिविर,
# पंचम दिन 22.03.2024

राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिन स्वयंसेवक सभी स्वयंसेवक 5 बजे सोकर उठे। दैनिक क्रिया से निवृत होकर सभी स्वयंसेवक 6 बजे प्रार्थना स्थल पर एकत्र हुए। सभी स्वयंसेवकों ने प्रार्थना की। प्रार्थना स्थल पर सभी स्वयंसेवकों की उपस्थिति दर्ज की गयी। तत्पश्चात स्वयंसेविका सबा चौधरी ने आज का सुविचार सभा स्थल पर प्रस्तुत किया। सभी स्वयंसेवकों के द्वारा समाचार पत्रों का वाचन किया। तत्पश्चात कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 परवेज आलम के द्वारा योग की विभिन्न मुद्राओं से स्वयंसेवकों को परिचित कराया गया और योगासन के लाभ बताया गया। तत्पश्चात सभी स्वयं सेवकों ने सुबह का नाश्ता किया। नाश्ते के उपरान्त सभी ने शिविर स्थल के आस–पास साफ–सफाई की।

विशेष शिविर के पंचम दिन के प्रथम सत्र में बालिका शिक्षा एवं 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 120 स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। स्लोगन प्रतियोगिता में कुल 100 स्वयंसेवकों/सेविकाओं ने प्रतिभाग किया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने बालिका शिक्षा के मुद्दे पर शिविर स्थल से चयनित गाँव **बंगरहवा** तक जन जागरूकता रैली निकाली। चयनित ग्राम में बालिका शिक्षा की उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करने के लिए स्वयंसेवकों ने डोर टू डोर सर्वे किया। सर्वे के उपरान्त सभी छात्रों ने चयनित ग्राम की सीमा में स्थित वृद्धाश्रम का भ्रमण किया। वृद्धाश्रम का संचालन समाज कल्याण विभाग में पंजीकृत एन0जी0ओ0 द्वारा किया जाता है। वृद्धाश्रम में अपने परिवार से परित्यक्त वृद्धजन निवास करते हैं। सभी स्वयंसेवकों ने वृद्धाश्रम का भ्रमण कर वृद्धों की समस्याओं का ध्यान से समझा और वृद्धों की पारिवारिक पृष्ठभूमि का सर्वे किया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों के द्वारा वृद्धों को केला एवं बिस्कुट का वितरण किया गया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवक वापस शिविर स्थल पहुँचे। शिविर स्थल पहुँचकर सभी सेवकों ने भोजन किया। तत्पश्चात पंचम दिन के प्रथम सत्र का समापन हुआ।

विशेष शिविर के पंचम दिन आयोजित बौद्धिक सत्र में बालिका शिक्षा के मुद्दे पर आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो0 आर0बी0सिंह बघेल एवं विशिष्ट अतिथि प्रो0 अतुल कुमार सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि प्रो0 आर0बी0सिंह बघेल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि बालिका शिक्षा वर्तमान समाज की आवश्यकता है। पढ़ी लिखी लड़की दो परिवारों का घर रोशन करती है। शिक्षा के माध्यम से महिलाएं अपने अधिकार के प्रति जागरूक हो सकेंगी।

प्रो0 बघेल ने छात्रों को समाज सेवा के प्रति पूरी तरह समर्पित हो कर सभ्य नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि प्रो0 अतुल कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज सेवा का कार्य सबसे पुनीत कार्य है। हमें शिक्षा ग्रहण करने के दौरान ही समाज सेवा का भी गुण सीखना है। प्रेरक वक्ता के रूप में डॉ0 अभिक सिहं ने छात्रों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल दिया। मुख्य अतिथि ने पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया। पोस्टर प्रतियोगिता में बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा निधि तिवारी एवं गार्गी मिश्रा ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, बी0एस–सी तृतीय वर्ष की छात्रा महविश मेराज ने द्वितीय स्थान एवं बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा लक्ष्मी कश्यप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रिया शुक्ला ने प्रथम स्थान, ऑचल भारती ने द्वितीय स्थान एवं कीर्ति सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विचार गोष्ठी का संचालन कार्यक्रमाधिकारी डा0 दिलीप शुक्ला ने किया। वरिष्ट कार्यक्रमाधिकारी, श्री पवन कुमार सिंह ने आये हुए अतिथियों का आभार ज्ञापन किया। तत्पश्चात राष्ट्रगान के उपरांत सभा का समापन हुआ। रात्रि 8 बजे सभी स्वयंसेवकों ने भोजन ग्रहण कर रात्रि विश्राम किया।



बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के थीम पर आयोजित जागरुकता रैली।




वृद्धाश्रम में वृद्धजन से मिलकर हाल–चाल पुछते स्वयंसेवक




वृद्धाश्रम में वृद्धजन को फल एवं अन्य सामग्री वितरित करते स्वयंसेवक




विशेष शिविर में पोस्टर प्रतियोगिता के प्रतिभागी




वृद्धाश्रम से शिविर स्थल तक रैली निकालते स्वयंसेवक




बौद्धिक सत्र को संबोधित करते मुख्य अतिथि प्रो0 आर0बी0एस0 बघेल

**सप्त दिवसीय विशेष शिविर,**
**षष्ठम दिन 23.03.2024**

राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन शिविर के सभी स्वयंसेवक प्रातः 05 बजे सोकर उठे। दैनिक क्रिया से निवृत्त होने के पश्चात सभी स्वयंसेवक 6 बजे सभा स्थल पर उपस्थित हुए। सभी स्वयंसेवकों ने प्रार्थना की। अभिजीतयश भारती ने आज का सुविचार प्रस्तुत किया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने समाचार पत्रों का वाचन किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 परवेज आलम से सभी स्वयंसेवकों को योगासन का अभ्यास कराया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने सुबह का नाश्ता किया। नाश्ते के उपरांत स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल एवं उसके आसपास की साफ सफाई की।

सप्त दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन प्रथम सत्र का आरंभ 10 बजे हुआ। सभी स्वयंसेवकों ने स्वच्छता एवं सड़क सुरक्षा के मुद्दे पर शिविर स्थल से चयनित ग्राम **बंगरहवा** तक जनजागरूकता रैली निकाली। **बंगरहवा** पहुँचकर सभी स्वयंसेवकों ने ग्राम वासियों को स्वच्छता एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों को सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों से परिचित कराया। तत्पश्चात सभी छात्रों ने सम्मय माता मन्दिर पहुॅच कर स्वयंसेवकों ने मन्दिर परिसर एवं आस–पास झाड़ू लगाकर साफ–सफाई की एवं मन्दिर में लगे पौधों की निराई–गुडाई कर उनकी सिचाई की। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने मन्दिर परिसर में बैठकर माता जी का भजन–कीर्तन किया। स्वयंसेविका लकी तिवारी, अंशू, कोमल तिवारी, शुभी मिश्रा, सच्ची सिंह, शक्ति पाण्डेय, वर्षा पाण्डेय, ऑचल भारती, गार्गी मिश्रा आदि ने भजन–गीत गाये। सम्मय माता मन्दिर से निकलकर सभी स्वयंसेवक बादशाह बाग स्थित राजकीय फलोद्यान विभाग की पौधशाला का भ्रमण किया और वहॉ के कर्मचारियों से बागवानी के लिए बनायी गयी पौधों की नर्सरी के बारे में जानकारी हासिल की। साथ ही मौन पालन के बारे में जानकारी हासिल की। पुनः बादशाह बाग से शिविर स्थल तक रैली निकालकर शहरवासियों को सड़क सुरक्षा एवं स्वच्छता के लिए जागरूक किया। शिविर स्थल पहुँचकर सभी स्वयंसेवकों ने भोजन किया।

सप्त दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन आयोजित बौद्धिक संत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो0 डी0के0 गुप्ता, पूर्व प्राचार्य श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा एवं विशिष्ट अतिथि प्रो0 ओंकार पाठक ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें समाज सेवा का प्रण लेना है। समाज सेवा की महिमा का वर्णन हमारे पौराणिक धर्मग्रन्थों में भी मिलता है। समाज सेवा के माध्यम से हम बेहतर भविष्य एवं बेहतर भारत का निर्माण कर सकते हैं।

प्रकृति भी हमें परमार्थ का पथिक बनने की सीख देती है। वैश्वीकरण के दौर में पर्यावरण संरक्षण अति आवश्यक है एवं हमें समाजिक विकास के साथ ही पर्यावरण के लिए सतत विकास पर काम करना होगा।

साथ ही मुख्य विशिष्ट अतिथि प्रो0 ओंकार पाठक ने छात्रों को उत्तम स्वास्थ के लिए आवश्यक दिनचर्या के बारे में परिचित कराया। प्रो0 पाठक ने कहा  कि सामाजिक भावना का विकास ही मानव जीवन को पूर्णतः प्रदान करती है। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा 'प्राकृतिक आपदा प्रबंधन' विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया। निबंध प्रतियोगिता में बी0ए0 तृतीय वर्ष के छात्र अभिषेक पाण्डेय ने प्रथम, बी०ए० प्रथम वर्ष की छात्रा प्रिया शुक्ला ने द्वितीय स्थान एवं एम0ए0 भूगोल प्रथम वर्ष की छात्र  अभिजीतयश भारती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 चमन कौर ने किया। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी श्री पवन कुमार सिंह ने आभार ज्ञापन किया। तत्पश्चात राष्ट्रगान के उपरान्त बौद्धिक सत्र का समापन हुआ। सभी स्वयंसेवकों ने रात्रि 8 बजे भोजन किया। तत्पश्चात सभी ने रात्रि विश्राम किया।



शिविर स्थल से सम्मय माता मन्दिर तक स्वच्छता रैली निकालते स्वयंसेवक



सम्मय माता मन्दिर परिसर की साफ–सफाई करते स्वयंसेवक



सम्मय माता मन्दिर परिसर में भजन कीर्तन करती स्वयंसेविकाएं



राजकीय फलोद्यान विभाग की नर्सरी को देखते हुए स्वयंसेवक




बौद्धिक कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि प्रो0 डी0के0 गुप्ता

# सात दिवसीय विशेष शिविर
## सप्तम दिन–24.03.2024

राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के सप्तम दिन सभी स्वयंसेवक प्रातः 05:30 बजे सोकर उठे। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों के दैनिक क्रिया से निवृत्त होकर 6 बजे सभा स्थल पर एकत्र हुए। सभा का प्रारंभ स्वयंसेवकों द्वारा की गयी प्रार्थना 'वह शक्ति हमें दो दयानिधि' से हुई। तत्पश्चात कीर्ति सिंह के द्वारा आज का सुविचार प्रस्तुत किया गया। सुविचार प्रस्तुतीकरण के बाद सभी स्वयंसेवकों ने समाचार पत्रों का वाचन किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 चमन कौर के द्वारा सभी स्वयंसेवकों को योग साधना की विभिन्न मुद्राएँ सिखायी गयीं। तत्पश्चात सभी स्वयं सेवकों ने प्रातः काल का नाश्ता किया। नाश्ते के उपरान्त सभी स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल और उसके आस–पास की साफ सफाई की।

सप्तम दिवस के प्रथम सत्र की सभा का आरंभ 10 बजे हुआ। सभी स्वयंसेवकों के द्वारा शिविर स्थल से चयनित ग्राम बंगरहवा तक जल संरक्षण के मुद्दे पर जन जागरुकता रैली निकाली गयी। चयनित ग्राम पहुँचकर स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों को जल जनित संक्रामक बीमारियों के बारे में बताया। साथ ही स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों से जल संरक्षण को बढ़ावा देने की अपील की। स्वयंसेवकों ने ग्राम वासियों से शुद्ध पेयजल का प्रयोग करने, रेन वाटर हारवेस्टिंग पर जोर देने पर बल दिया। तत्पश्चात सभी स्वयं सेवक चयनित ग्राम **बंगरहवा** से रैली निकाल वापस शिविर स्थल पर पहुँचे। शिविर स्थल पहुँचकर सभी स्वयंसेवकों ने विश्राम किया। तत्पश्चात 'आजादी का अमृत महोत्सव' एवं 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं' की थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। रंगोली प्रतियोगिता में गार्गी मिश्रा, कीर्ति सिंह, ज्योति पाण्डेय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सबा चौधरी, वन्दना पाण्डेय, प्रीति वाजपेयी की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ऑचल भारती, कोमल तिवारी, पलक सिंह, आकांक्षा ओझा की टीम ने रंगोली प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने भोजन किया। भोजन के बाद सभी स्वयंसेवकों ने अल्प विश्राम किया। मतदाता जागरुकता अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय छावनी सरकार की दीवार पर वाल पेंटिग की प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसका निरीक्षण समापन सत्र के मुख्य अतिथि श्री उमेश शाह एवं विशिष्ट अतिथि वर्षा सिंह के द्वारा किया गया। वाल पेंटिग प्रतियोगिता में सबा चौधरी, गार्गी मिश्रा,ज्योति पाण्डेय की टीम को प्रथम स्थान, महविश मेराज, प्रीति वाजपेयी, शक्ति पाण्डेय की टीम को द्वितीय स्थान एवं प्रिया सोनी, खुशबू पाण्डेय, आकांक्षा ओझा, वन्दना पाण्डेय की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के समापन सत्र में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के समक्ष मतदाता जागरुकता सम्बन्धी नुक्कड नाटक आयोजित किया गया जिसमें प्रिया शुक्ला, शुभी शुक्ला, ऑचल भारती, अंशु, ऑचल मिश्रा आदि स्वयंसेविकाओं ने जीवन्त अभिनय किया।

सप्त दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिन के समापन सत्र का शुभारंभ अपराह्न 02 बजे हुआ। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में श्री उमेश शाह, सचिव, प्रबंध तन्त्र, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वर्षा सिंह, उपाध्यक्ष, प्रबंध तन्त्र, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। लकी तिवारी, आँचल भारती, शुभी मिश्रा ने माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत किया एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी श्री पवन कुमार सिंह, कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 चमन कौर, डॉ0 दिलीप शुक्ला, डॉ0 परवेज आलम के द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को मोमेंटो, एवं अंग वस्त्र भेंट किया। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी श्री पवन कुमार सिंह के द्वारा सप्त दिवसीय विशेष शिविर के सात दिवस की गतिविधियों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्री उमेश शाह जी ने समापन सत्र में स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज सेवा ही देश के विकास एवं प्रगति का आधार है। समाज सेवा से बढ़कर पुण्य का कोई दूसरा कार्य नहीं है। हमें शिक्षा ग्रहण करने के साथ ही समाज सेवा में रुचि लेनी है। मुख्य अतिथि ने अपने छात्र जीवन के अनुभवों को स्वयंसेवकों के साथ साझा किया। विशिष्ट अतिथि वर्षा सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें समाज सेवा में अपने मन को लगाना है। सप्त दिवसीय विशेष शिविर के दौरान आयोजित की गयी विविध प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरुस्कृत किया गया। तत्पश्चात प्रत्येक इकाई के सभी स्वयंसेवकों ने मुख्य अतिथि के साथ फोटो ग्राफी करायी। होली का त्योहार निकट होने के कारण शिविर समापन के अवसर पर सभी स्वयंसेवकों ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा कार्यक्रमाधिकारियों के साथ मिलकर अबीर, गुलाल की होली खेली एवं होली के फगुवा गीत गाये। समापन सत्र के कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 परवेज आलम के द्वारा किया गया। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी श्री पवन कुमार सिंह ने आये हुए अतिथियों का आभार ज्ञापन किया। सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक राष्ट्रगान किया। राष्ट्रगान के उपरान्त सभी अतिथियों एवं स्वयंसेवकों ने जलपान किया। जलपान के पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल के आसपास साफ सफाई की। तत्पश्चात सप्त दिवसीय विशेष शिविर का सुखद समापन हुआ। सभी इकाई के स्वयंसेवकों ने शिविर की सुखद स्मृतियों को साथ लकर अपने अपने घरों को प्रस्थान किया।




समापन कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते मुख्य अतिथि




समापन कार्यक्रम में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करती विशिष्ट अतिथि




समापन कार्यक्रम में स्वागत गीत प्रस्तुत करती स्वयंसेविकाएं




समापन सत्र में मतदाता जागरुकता सम्बन्धी नुक्कड नाटक प्रस्तुत करते स्वयंसेवक




समापन कार्यक्रम में होली खेलते स्वयंसेवक




समापन सत्र में स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि श्री उमेश शाह।




समापन सत्र में स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते विशिष्ट अतिथि वर्षा सिंह।

पवन
31.03.24

(डॉ0 पवन कुमार सिंह)
वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना, प्रथम इकाई
श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री
कालेज, गोण्डा